





# साधु बनकर फरारी काट रहा आरोपी गिरफ्तार

▸ 5 साल से पहचान छुपाकर घूम रहा था, इंदौर से दबोचा

**ऐसे चकमा देता रहा पुलिस को**

जांच में सामने आया कि आरोपी साधु का वेश धारण कर विभिन्न मंदिरों में रह रहा था और लगातार ठिकाने बदल रहा था, जिससे वह पुलिस से बचता रहा। पुलिस ने साइबर सेल की मदद, मुखबिर तंत्र और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर लगातार उसकी तलाश जारी रखी।

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** संपत्ति संबंधी अपराधों पर नियंत्रण के तहत रतलाम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने चोरी के मामले में पिछले करीब पांच वर्षों से फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है, जो साधु का वेश धारण कर मंदिरों में रहकर अपनी पहचान छुपा रहा था। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल और नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक सत्येंद्र रघुवंशी के नेतृत्व में टीम ने यह कार्रवाई की। आरोपी लगातार स्थान बदलता रहा, जिससे उसकी गिरफ्तारी चुनौतीपूर्ण बनी हुई थी। फरियादी आफताब अब्बासी निवासी पीएनटी कॉलोनी रतलाम ने 9 अगस्त 2022 को रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसका आयशर ट्रैक्टर अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर लिया गया। इस पर थाना औद्योगिक क्षेत्र में धारा 379 और 411 भादवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। जांच के दौरान एक आरोपी को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी विक्रम उर्फ विष्णु महाराज फरार था।

**आरोपी का विवरण:** गिरफ्तार आरोपी विक्रम उर्फ विष्णु महाराज (41) पिता स्व. ओमप्रकाश शर्मा निवासी आदर्श नगर, भीलवाड़ा (राजस्थान) का रहने वाला है।

**इंदौर से गिरफ्तारी**

पिछले करीब 5 वर्षों से आरोपी फरार था। वह साधु का वेश धारण कर मंदिरों में रहकर अपनी पहचान छुपा रहा था। विश्वसनीय सूचना मिलने पर पुलिस टीम ने इंदौर पहुंचकर आरोपी को अभिरक्षा में लिया और विधिवत गिरफ्तार किया। आरोपी पर 2 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था।

**टीम की सराहनीय भूमिका:** इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सत्येंद्र रघुवंशी, एएसआई दिलीप खाती, प्रधान आरक्षक तपेश गोसाई सहित साइबर सेल टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# पटवारी आत्महत्या मामला गरमाया, कर्मचारी संगठनों का प्रदर्शन

▸ 7 दिन में एफआईआर नहीं तो काम बंद की चेतावनी



नवभारत न्यूज

**रतलाम/आलोट।** खजूरी देवड़ा में पदस्थ पटवारी रविशंकर खराड़ी की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। अब इस मामले में जिलेभर के कर्मचारी संगठन भी खुलकर सामने आ गए हैं। गुरुवार को विभिन्न संगठनों के पदाधिकारियों ने रैली निकाल कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव को ज्ञापन सौंपते हुए नायब तहसीलदार सविता राठौर के खिलाफ आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का प्रकरण दर्ज करने की मांग की।

ज्ञापन सौंपने से पहले जिलेभर के पटवारी और कर्मचारी संगठन के पदाधिकारी पुराने कलेक्ट्रेट स्थित गुलाब चक्कर पर एकत्रित हुए। यहां से रैली निकालते हुए सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान नायब तहसीलदार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई और दिवंगत पटवारी को न्याय दिलाने की मांग उठाई गई।

कर्मचारी संगठनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 7 दिन के भीतर संबंधित अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं की गई, तो पटवारी काम बंद कर अपने बस्ते जमा कर देंगे। आंदोलन को व्यापक रूप देने की भी बात कही गई है।

ज्ञापन में आरोप लगाया गया है कि नायब तहसीलदार द्वारा पटवारी रविशंकर खराड़ी पर अत्यधिक कार्य का दबाव बनाया जा रहा था, जिससे वे मानसिक रूप से परेशान थे और इसी कारण उन्होंने आत्मघाती कदम उठाया। बताया गया कि मृतक के घर से एक पत्र भी मिला है, जिसमें प्रताड़ना, अनुचित दबाव और गलत बटांकन रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए मजबूर किए जाने जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। इसके अलावा, एक अन्य पटवारी जितेंद्र परमार के साथ भी कथित प्रताड़ना का उल्लेख करते हुए उन्हें बहाल करने की मांग उठाई गई है।

**समयसीमा में कार्रवाई नहीं हुई तो करेंगे उग्र आंदोलन**

पटवारी कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मीनारायण पाटीदार ने कहा कि यदि समयसीमा में कार्रवाई नहीं होती है, तो सभी कर्मचारी संगठन उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे।

## एक नजर में

### रतलाम कृषि उपज मंडी में लोकवन गेंहू का उच्चतम भाव 3154 रुपये प्रति क्विंटल रहा

**रतलाम।** सचिव कृषि उपज मंडी किशोर कुमार नरगावे ने बताया कि आज कृषि उपज मंडी रतलाम में विभिन्न उपजों की बिक्री की गई। रतलाम कृषि उपज मंडी में लोकवन गेंहू का उच्चतम भाव 3154 रुपये प्रति क्विंटल रहा एवं न्यूनतम भाव 2590 रुपये प्रति क्विंटल रहा, जबकि मॉडल भाव 2721 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

### जनगणना 2027 हेतु प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण आयोजित



**रतलाम।** जनगणना कार्य निदेशालय भारत सरकार के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जनगणना 2027 हेतु प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के कार्य हेतु नियोजित प्रगणक एवं पर्यवेक्षक का प्रशिक्षण आज बाजना, पिपलोदा, रतलाम, आलोट, जावरा, रावटी, सैलाना में चार्ज अधिकारियों की निगरानी में आयोजित किया गया। प्रगणकों और सुपरवाइजर को डिजिटल जनगणना के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये।

### पोषण पखवाड़ा अंतर्गत सरसी व खजुरी देवड़ा में स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**रतलाम।** संचालनालय आयुष म.प्र. भोपाल के निर्देशानुसार गुरूवार को शासकीय आयुर्वेद औषधालय खजुरी देवड़ा एवं सरसी मे आंगनवाड़ी में पोषण पखवाड़ा अंतर्गत पोषण गतिविधिया आयोजित की गई एवं निःशुल्क चिकित्सा एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 35 महिलाओं तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित पोषण का महत्व बताते हुए ऋतु अनुसार आहार-विहार की जानकारी दी गई, साथ ही जांच एवं स्वास्थ्य परीक्षण कर रोगानुसार आयुर्वेदिक औषधि प्रदाय की गई। सरसी में बच्चों के अभिभावकों को बच्चों के लिए स्वस्थ दिनचर्या एवं डिजिटल उपकरणों के संतुलित उपयोग के संबंध में परामर्श दिया गया। संवादात्मक सत्र द्वारा बच्चों के सवालों के जवाब दिए गए और उन्हें दैनिक आहार में फल और हरी सब्जियों को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम में कुल 26 महिलाओं तथा बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित पोषण का महत्व बताया गया।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत अमृत सागर तालाब के नाले की सफाई

**रतलाम।** शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर मिशा सिंह के मार्गदर्शन में जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत जल स्त्रोतों तथा नदी, तालाबों, कुंआ, बावड़ी तथा अन्य जल स्त्रोतों के संरक्षण एवं पुनर्जीवन हेतु ''जल गंगा संवर्धन अभियान'' संचालित किया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत नगर पालिका परिषद रतलाम द्वारा वार्ड क्रमांक 44 स्थित अमृत सागर तालाब के नाले की सफाई एक दिन एक नाला अभियान के तहत की गई।

### डॉ . मेहता डी .लिट की मानद उपाधि से हुए सम्मानित

**जावरा।** शासकीय महाविद्यालय कालूखेडा के वाणिज्य विभाग पूर्व प्रोफेसर डॉ. सीएम. मेहता को मध्य अमेरिका विश्वविद्यालय,बोलविया के उपराष्टपति एवं कुलपति डॉ.अलवारो गार्सिया लिनेरा द्वारा मध्यप्रदेश के उच्च शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृट कार्य करने पर डी. लिट्.की मानद उपाधि प्रदानकर सम्मानित किया। मध्यप्रदेश उच्चशिक्षा विभाग के गौरव डॉ. मेहता द्वारा मध्य अमेरिका विश्वविद्यालय के सभी मापदंडों को पूरा किया। डॉ. मेहता को यह मानद उपाधि शोध, पुस्तक लेखन तथा विद्यार्थियों की आर्थिक मदद करने पर प्रदान की गई। पूर्व मे भी डॉ. मेहता असाधारण उच्च कोटि की सेवाओं के लिए भारत के राष्टपति द्वारा जनगणना पदक, हिमाचल के राज्यपाल द्वारा आईटी अवार्ड तथा उत्तरप्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री द्वारा श्रेष्ठ शिक्षाविद अवार्ड से सम्मानित हो चुके है। डॉ. मेहता की 27 पुस्तकों का प्रकाशन हो चुका है और 31 शोध पत्रों का अंतरराष्टीय जर्नल्स में प्रकाशन हुआ है। जैन सोश्यल ग्रुप मध्यप्रदेश के पीआरओ प्रदीप सेठिया ने बताया कि जावरा क्षेत्र के लिए मेरे ख्याल से अकादमी क्षेत्र में यह पहली अंतरराष्टीय उपलब्धि किसी शिक्षा विद को पहली बार प्राप्त हुई। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के सांसद सुधीर गुप्ता, विधायक डॉ. राजेन्द्र पांडेय, डॉ अवधनारायण पालीवाल, केकेसिंह कालूखेडा, डॉ प्रकाश उपाध्याय, धरमचंद चपडोद, चंद्रप्रकाश ओस्तवाल, डॉ. आर एन मंडवारिया, यूसुफ कडपा, अनिल दसेड़ा, प्रदीप चौधरी, अभय सुराणा, डॉ सुरेश मेहता, राजकुमार हरण, राहुल चपडोद, महाविघालय की प्राचार्या प्रो.हीरा चौहान, प्रो चेतन देवडा, एच गुप्ता, डॉ हुमा मंसूरी, डॉ चेतना कोठारी सहित कई गणमान्य नागरिकों द्वारा डॉ. मेहता को बधाई दी।

## तेज रफ्तार ऑटो पलटा, 7 लोग घायल

**रतलाम।** सरवन थाना क्षेत्र के ग्राम साकड़ स्थित आमरोड पुलिया के पास एक ऑटो रिक्शा अनियंत्रित होकर पलट गया, जिससे उसमें सवार सात लोग घायल हो गए। घटना 21 अप्रैल दोपहर करीब 2:30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस के अनुसार, ऑटो रिक्शा (क्रमांक आरजे-03-पीए-2734) का चालक तेज गति और लापरवाही से वाहन चला रहा था। इसी दौरान पुलिया के पास वाहन लहराया और नीचे पलट गया, जिससे उसमें बैठे यात्रियों को चोटें आईं। घायलों में मीराबाई, रेखा, पिंका, सांवरिया, सुभाष, अनिल और अशोक शामिल हैं, जो ग्राम साकड़ के निवासी बताए गए हैं। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को उपचार के लिए अस्पताल भिजवाया। पुलिस ने अज्ञात चालक पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## अभियान में जनभागीदारी बढ़ाएं : सुश्री जैन

▸ जिला स्तरीय बैठक संपन्न

नवभारत न्यूज

**रतलाम।** मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा स्वैच्छिक संगठनों के सशक्तिकरण हेतु 'पंख' कार्यक्रम के अंतर्गत सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन की अध्यक्षता में जिला पंचायत परिसर में जिला स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य जिले में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं की डायरेक्टरी तैयार कर उनके कार्यों को विस्तार देना एवं क्रियान्वयन को सुदृढ़ बनाना है।

बैठक में सुश्री जैन ने स्वैच्छिक संगठनों से जल गंगा संवर्धन अभियान, जनगणना, ज्ञानोदय अभियान, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, सर्वाइकल एवं ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता, वृहद पौधारोपण एवं शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सक्रिय भागीदारी निभाने के निर्देश दिए। जल गंगा संवर्धन अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने में स्वैच्छिक संस्थाओं की महत्वपूर्ण भूमिका है, रूफ वाटर हार्वेस्टिंग एवं पारंपरिक जल स्त्रोतों जैसे बावड़ियों के संरक्षण एवं स्वच्छता पर भी विशेष जोर दिया। बैठक में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक रत्नेश विजयवर्गीय ने बताया कि जिले में कार्यरत सभी स्वयंसेवी संगठनों की एक समग्र डायरेक्टरी तैयार की जा रही है, जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत संस्थाओं का सूचीकरण किया जाएगा। इस दौरान परिषद की योजनाओं की विस्तृत जानकारी पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रस्तुत की गई। इस अवसर पर जिला योजना अधिकारी बालकृष्ण पाटीदार ने स्व-गणना प्रक्रिया का प्रशिक्षण प्रदान किया तथा विभागीय अधिकारी उपसंचालक कृषि आर.के. सिंह, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग सुश्री भारती डांगी, स्वास्थ विभाग से डॉ. वर्षा कुरील, डॉ. शिरीन खान, वन विभाग से एस.आर. नर्गेश, शिक्षा विभाग से जितेन्द्र जोशी के द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान की गयी। बैठक में परिषद के शैलेन्द्रसिंह सोलंकी, शिवशंकर शर्मा, निर्मल अमलियार, युवराजसिंह पंवार, रतनलाल चरपोटा, महावीरदास बैरागी, विजयेश राठौड़ आदि उपस्थित थे।

# सिंहस्थ 2028 : रतलाम मंडल ने तेज की तैयारियां, स्टेशनों का निरीक्षण



नवभारत न्यूज

**रतलाम।** सिंहस्थ 2028 को लेकर रेलवे ने तैयारियां तेज कर दी हैं और इसमें रतलाम रेल मंडल की महत्वपूर्ण भूमिका सामने आ रही है। पश्चिम रेलवे के रतलाम मंडल द्वारा मेले को लेकर व्यापक स्तर पर कार्य किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को रेलवे और उज्जैन जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने संयुक्त निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया।

रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार के अनुसार, निरीक्षण का नेतृत्व अपर मंडल रेल प्रबंधक (इंफ्रा) अक्षय कुमार ने किया। इस दौरान रेलवे सुरक्षा बल के महानिरीक्षक एवं प्रमुख मुख्य सुरक्षा आयुक्त अजॉय सदानी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिन्होंने सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन से जुड़े इंतजामों का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान पिंगलेश्वर, पावासा, नईखेड़ी, मोहनपुरा, विक्रमनगर और चिंतामण गणेश रेलवे स्टेशनों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इन स्टेशनों पर प्लेटफॉर्म विस्तार, शेड निर्माण, फुटओवर ब्रिज, सर्कुलेटिंग एरिया और यात्री सुविधाओं को बेहतर बनाने के कार्य तेजी से किए जा रहे हैं।

संभागायुक्त आशीष सिंह, एडीजी राकेश गुप्ता, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, डीआईजी नवनीत भसीन और एसपी प्रदीप शर्मा सहित प्रशासनिक अधिकारी भी निरीक्षण में शामिल हुए। अधिकारियों ने सिंहस्थ के दौरान लाखों श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुरक्षित और सुगम बनाने के लिए समन्वित प्रयासों पर जोर दिया।

रेलवे अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन संचालन, भीड़ प्रबंधन, प्रवेश-निकास व्यवस्था और यात्री सुविधाओं को लेकर विस्तृत योजना तैयार की गई है। कई परियोजनाओं के टेंडर जारी हो चुके हैं और तय समयसीमा में कार्य पूर्ण करने के लिए तेजी से काम चल रहा है।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर गुलाब चक्कर में योग-संगीत का संगम

▸ प्रकृति संरक्षण का संकल्प, कलाकारों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां



**रतलाम।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर शहर के ऐतिहासिक गुलाब चक्कर पर प्रकृति, योग और संगीत का अनूठा संगम देखने को मिला। विशनित योग संगीत संस्थान द्वारा आयोजित इस कायज़्क्रम में पयाज़्वरण संरक्षण का संदेश देते हुए सामूहिक संकल्प लिया गया।

कायज़्क्रम में प्रकृति योग संगीत सेवकों को अमृता, नीम, गिलोय, इंसुलिन प्लांट सहित विभिन्न औषधीय पौधों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया तथा प्रकृति सेवा सम्मान पत्र प्रदान किए गए। आयोजन का उद्देश्य लोगों को पयाज़्वरण संरक्षण और स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना रहा।

मुख्य अतिथि के रूप में शिवशक्ति लाल आयुवेज़्द कॉलेज के प्राचायज़् डॉ. दिलीप नलगे ने संबोधित करते हुए प्रकृति और स्वास्थ्य के बीच संबंध पर प्रकाश डाला। इस दौरान इंदौर के सुप्रसिद्ध गायक विजय पाठक सहित अन्य कलाकारों ने सुमधुर गीतों की प्रस्तुति देकर वातावरण को भक्तिमय और उल्लासपूणज़् बना दिया।

पयाज़्वरणविद डॉ. खुशाल सिंह पुरोहित ने कहा कि वतज़्मान समय में प्राणवायु का आधार पेड़-पौधे ही हैं, इसलिए इनके संरक्षण के लिए सभी को प्रयास करना होगा। कायज़्क्रम में नगर निगम उद्यान निरीक्षक अनिल धाकड़, नरेश सकलेचा, डॉ. प्रदीप जैन, बालकृष्ण तिवारी सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कायज़्क्रम में डॉ. दिलीप नलगे, पं. चेतन शमाज़्, हितेश व्यास, ओमप्रकाश बोरीवाल, राकेश बोरिया, शैलेंद्र पंवार, कुलदीप त्रिवेदी, बंटी लुईस, पारस राव, दुगेज़्श सुरोलिया, विकास वमाज़्, अजय आचायज़्, शिल्पा डाबी, स्वाती व्यास और विमलेश वमाज़् ने अपनी प्रस्तुतियां दीं। संचालन विशाल कुमार वमाज़् ने किया, जबकि आभार नित्येन्द्र आचायज़् ने माना।

## सरकारी जमीन विवाद में महिला को जान की धमकी

**नामली/रतलाम।** नामली थाना क्षेत्र के ग्राम मोरदा में सरकारी जमीन को लेकर हुए विवाद में एक महिला के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, फरियादिया अन्नुबाई (50) पति स्व. बसंतिलाल कीर निवासी मोरदा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 22 अप्रैल की शाम करीब 8:30 बजे आरोपी निर्मल पिता बद्रीलाल कीर ने उनके घर के सामने आकर सरकारी जमीन पर मकान बनाने की बात को लेकर विवाद किया। इस दौरान आरोपी ने महिला के साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करते हुए गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद पीड़िता ने नामली थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच प्रारंभ कर दी है।



# चौमुखा महादेव का आशीर्वाद

**रतलाम।** आद्य जगतगुरु श्री शंकराचार्य जी की जन्म जयंती के अवसर पर अगरजी के मंदिर में स्थित श्री चौमुखा महादेव का अभिषेक किया गया। दैनिक अभिषेक योजना के संयोजक जुगल पंड्या के द्वारा प्रेरित करने पर अभिभाषक एवं ननि पूर्व उपमहापौर तथा सभापति सतीश पुरोहित ने विधि विधान एवं भक्ति भाव से अभिषेक किया गया। श्री सनातन धर्म सभा एवं महारुद्र यज्ञ समिति द्वारा प्रकल्पित श्री चौमुखा महादेव नित्य अभिषेक योजना हैं। इसी के तहत अभिषेक में स्वयं सतीश पुरोहित उनकी धर्मपत्नी श्रीमती बीना ,सुपुत्र तरुण पुरोहित पुत्रवधू श्रीमती निहारिका तथा पौत्र लक्षीव व पार्णिका ने धर्म लाभ लिया। पं. त्रिभुवनेश पंड्या ने अभिषेक संपन्न कराया। सनातन धर्म सभा अध्यक्ष अनिल झालानी, सदस्य जनक नागल,अविनाश व्यास, शैलेन्द्र सिंह शक्तावत, रवि रानीवाल ,व्यवस्थापक अंकित मिश्रा सहित अनेक भक्तजन उपस्थित थे।

# उच्च शिक्षा विभाग पर लापरवाही के आरोप

▸ 16 साल बाद भी नहीं मिला प्रोफेसर पदनाम, सेवानिवृत्त प्राध्यापक परेशान

**जावरा।** उच्च शिक्षा विभाग की कायज़्प्रणाली पर सवाल उठाते हुए शासकीय गर्ल्स कॉलेज रतलाम से अर्थशास्त्र विषय के सहप्राध्यापक पद से दिसंबर 2023 में सेवानिवृत्त हुए डॉ. मदनलाल गांगले ने प्रोफेसर पदनाम नहीं मिलने को लेकर नाराजगी जताई है। उनका कहना है कि सभी आवश्यक पात्रताएं पूरी करने के बावजूद उन्हें पिछले 16 वर्षों से पदनाम के लिए भटकना पड़ रहा है।

डॉ. गांगले ने बताया कि वर्ष 2010 से ही वे प्रोफेसर पदनाम के लिए पात्र हैं, लेकिन इसके बावजूद उच्च शिक्षा मंत्रालय, भोपाल द्वारा अब तक कोई निणज़्य नहीं लिया गया। सेवानिवृत्ति के सवा दो वर्ष बीत जाने के बाद भी उन्हें सह-प्राध्यापक के पद के अनुसार ही पेंशन मिल रही है, जिससे उन्हें आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। उन्होंने विभाग पर आरोप लगाते हुए कहा कि वरिष्ठता को दरकिनार कर जूनियर को प्रोफेसर पदनाम दे दिया गया, जो स्पष्ट रूप से पक्षपात को दर्शाता है। कई बार आवेदन, निवेदन और अनुस्मारक देने के बावजूद विभाग की ओर से कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई। डॉ. गांगले के अनुसार, इस मामले से मुख्यमंत्री कार्यालय को भी अवगत कराया जा चुका है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने कहा कि विभाग की उदासीनता के कारण उन्हें मानसिक और आथिज़्क दोनों तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने उच्च शिक्षा मंत्रालय से मांग की है कि विषयवार प्रोफेसर पदनाम से वंचित 400 से अधिक सहप्राध्यापकों की सूची जारी कर सभी पात्रों को शीघ्र पदनाम प्रदान किया जाए।

## लट्ठ से हमला करने वाले को 6 माह का सश्रम कारावास

**जावरा।** न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शिवानी राठौर ने मारपीट के एक मामले में आरोपी संजय पिता बगदीराम रावल, निवासी ग्राम पीरहिंगोरिया थाना बड़ावदा को दोषी ठहराते हुए 6 माह के सश्रम कारावास एवं 500 रुपए अर्थदंड से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी विजय कुमार पारस ने बताया कि फरियादी मांगीलाल ने 4 मार्च 2022 को थाना बड़ावदा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। रिपोर्ट के अनुसार रात साढ़े 11 बजे घर के पास से शोर-शराबे की आवाज सुनाई दी। बाहर जाकर देखने पर पड़ोसी संजय उसके पुत्र बलराम के साथ गाली-गलौज कर रहा था और छत पर आने की बात को लेकर विवाद कर रहा था। इसी दौरान आरोपी ने लाठी से बलराम के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह घायल हो गया और उसके सिर से खून बहने लगा। सुनवाई के बाद न्यायालय ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी मानते हुए धारा 323 भादवि के तहत सजा सुनाई।

## अरिहंत कॉलोनी में डामरीकरण कार्य का शुभारंभ

**जावरा।** नगर की पहाडिया रोड स्थित अरिहंत कॉलोनी में सडक के डामरीकरण कार्य का शुभारंभ गुरूवार को हुआ। इसके निर्माण से कॉलोनी के रहवासियों को आवागमन में सुविधा होगी।

बता दें कि लगभग 15 वर्ष पूर्व उक्त सडक का निर्माण किया गया था। इस बीच इसकी सुध नहीं ली जाने से यह सडक जगह-जगह से उखड चुकी थी। जिसके चलते लोगों को आने-जाने के दौरान बडी परेशानी होती थी।

23 अप्रेल को नगर पालिका परिषद द्वारा नगर में चल रहे रहे विकास कार्यो के अन्तर्गत वार्ड 15 अरिहंत कॉलोनी में डामरीकरण कार्य लागत राशि रू. 9.25 लाख का नगर पालिका अध्यक्षा अनम मोहम्मद युसुफ कडपा के द्वारा कार्य प्रारंभ किया।

अतिथि प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं पूर्व न.पा. अध्यक्ष श्री मो. युसुफ कडपा, न.पा. उपाध्यक्ष सुशील कोचट्टा, मुख्यनगर पालिका अधिकारी चन्द्रशेखर सोनिस, जिला योजना सदस्य एवं सभापति मोहम्मद मुस्तकीम मंसुरी, भाजपा नगर मण्डल अध्यक्ष राजेश शर्मा, पूर्व नपाध्यक्ष निर्मला हाडा का स्वागत वार्ड पार्षद रजत सोनी द्वारा किया गया। संचालन पुजा सुराणा ने किया व अभार वार्ड पार्षद रजत सोनी ने माना।

### यह रहे मौजूद

इस अवसर पर चांदमल औरा, शांतिलाल दुग्गड, नूरजहॉ कडपा, मंजु सुराणा, श्रीमती पूजा सुराणा, विनोद पोरवाल, अजय चपडोद, शरद औरा, दिनेश श्रीवास्तव, पुष्पेन्द्र शर्मा, मिना राठौर, श्रीमती चन्दनबाला मेहता, न.पा. उपयंत्री लोकेश कुमार विजय एवं स्वास्थ्य शाखा प्रदीप खरे, ठेकेदार इम्तियाज उदद्दीन कान्टेक्टर आदि उपस्थित थे।

## हर्ष का इंग्लैंड ग्रामर स्कूल में हुआ चयन

**जावरा।** प्रतिवर्ष इंग्लैंड में सेकेंडरी स्कूलों में एडमिशन के लिए सरकार द्वारा प्रतियोगिता परीक्षा का आयोजन होता है। इस परीक्षा में टॉप आने वाले बच्चों को इंग्लैंड के सर्वोच्च ग्रामर स्कूल में एडमिशन मिलता है। वर्ष 2026 में एडमिशन के लिए, लंदन निवासी जावरा के रहने वाले गोविंद-भारती सेठिया के पुत्र और रामचंद्र-कलावती सेठिया के पौत्र, हर्ष सेठिया ने 4814 बच्चों में सर्वोच्च स्थान हासिल कर हर्शल ग्रामर स्कूल में अपना स्थान बनाया। इंग्लैंड में ग्रामर स्कूल चुनिंदा सेकेंडरी स्कूल होते हैं। इन विद्यालयों में प्रवेश एक परीक्षा के आधार पर होता है, जिसे आमतौर पर 11+ कहा जाता है। यह परीक्षा बच्चों की अकादमिक क्षमता को परखती है। केवल वे छात्र ही इनमें स्थान पाते हैं जो 11 साल की उम्र में 11-प्लस परीक्षा पास कर लेते हैं। हर्ष ने इस परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए दो साल तक कड़ी मेहनत की।